नव भारत
राष्ट्रीयता का प्रहरी 1934 से

# कांग्रेस को दतिया से भी गायब करना है

- सीएम डॉ. यादव ने सभाओं को संबोधित करते हुए कहा
- भाजपा को जिताकर बुंदेलखंड के विकास को और गति दें



**सड़क, बिजली, पानी, रोजगार उपलब्ध करा रही सरकार**

मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार लोगों को सड़क, बिजली, पानी और रोजगार की सुविधाएं उपलब्ध करा रही है. प्रदेश में पुलिस की हजारों भर्तियां निकाली गई हैं, कर्मचारियों के लंबित प्रमोशन किए गए हैं, आयुष्मान योजना के माध्यम से गरीबों को नि:शुल्क उपचार की सुविधा दी जा रही है. आवश्यकता पड़ने पर एयर एंबुलेंस जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जा रही हैं. उन्होंने कहा कि कृषि, दुग्ध उत्पादन और रोजगार जैसे सभी क्षेत्रों में सरकार लगातार कार्य कर रही है. कांग्रेस ने केवल झूठे वादे किए और विकास का पहिया रोकने का काम किया.

नवभारत न्यूज

**दतिया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दतिया विधानसभा उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी आशुतोष तिवारी के समर्थन में शनिवार को उदगुवा एवं उपराय में जनसभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी देशभर से गायब हो रही है और अब हमें मिलकर कांग्रेस को दतिया से भी पूरी तरह गायब करना है.**

यह चुनाव केवल विधायक चुनने का नहीं, बल्कि दतिया के विकास को नई गति देने और कांग्रेस द्वारा वर्षों तक रोके गए विकास कार्यों का हिसाब चुकता करने का चुनाव है। दतिया का उपचुनाव भारतीय जनता पार्टी की सरकार के विकास और कांग्रेस के झूठ और भ्रम की राजनीति के बीच है। दतिया की जनता भाजपा प्रत्याशी तिवारी को ऐतिहासिक मतों से विजयी बनाकर बुंदेलखंड के विकास को और गति दे।

डॉ. यादव ने कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार गरीब, किसान, युवा और महिलाओं के कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देकर कार्य कर रही है। मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार जनहित की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए संकल्पित है.

# गुजरात भागने के पहले हत्थे चढ़ा कातिल, निकली हेकड़ी

नवभारत न्यूज

**जबलपुर, 25 जुलाई. बरगी थाना अंतर्गत सालीवाड़ा चौराहा पर 22 जुलाई को घर के सामने बैठने पर उपजे विवाद पर युवक की चाकू से गोदकर हत्या करने वाले आरोपी को पुलिस ने गुजरात भागने के पहले ही गिरफ्तार कर लिया.**

इसके बाद पुलिस ने आरोपी की सारी हेकड़ी निकाली. पुलिस टीम उसे वहां ले गई जहां उसने सरेराह कत्ल की खौफनाक वारदात को अंजाम दिया था.



आरोपी का पुलिस ने जुलूस निकाला. इस दौरान वह अपराध करना पाप है कहता हुआ कान पकड़कर नागरिकों से माफी मांगते हुआ दिखा. पुलिस ने कातिल को न्यायालय के समक्ष पेश किया जहां से उसे कोर्ट ने जेल भेज दिया है.




# हाईकोर्ट वकील कल हाथ पर बांधेंगे सफेद पट्टी

## लंबित समस्याओं के समाधान की मांग न्यायिक कार्य जारी रखते हुए करेंगे सांकेतिक विरोध

नवभारत न्यूज

**इंदौर, 25 जुलाई. हाईकोर्ट की इंदौर बेंच में अधिवक्ता 27 जुलाई को हाथ पर सफेद पट्टी बांधकर न्यायिक कार्य करेंगे. वकीलों और पक्षकारों से जुड़ी लंबे समय से लंबित समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर यह सांकेतिक और शांतिपूर्ण विरोध किया जाएगा. इस दौरान न्यायालय की नियमित कार्यवाही प्रभावित नहीं होगी और अधिवक्ता अपने मामलों में पैरवी करते रहेंगे.**

हाई कोर्ट बार एसोसिएशन, इंदौर के अध्यक्ष मनीष यादव ने बताया कि हाईकोर्ट इंदौर बेंच में अधिवक्ताओं और न्यायालय आने वाले पक्षकारों को कई व्यावहारिक व प्रशासनिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है. इन समस्याओं के निराकरण के लिए कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश को पहले ही विस्तृत प्रतिवेदन सौंपा जा चुका है, लेकिन अब तक अपेक्षित समाधान नहीं हो पाया है.

बार एसोसिएशन के अनुसार हाईकोर्ट में न्यायाधीशों की संख्या कम होना, प्रकरणों की समय पर सूचीबद्धता नहीं होना, अर्जेंट मेंशनिंग में आने वाली परेशानियां, प्रस्तुतीकरण शाखा से जुड़ी समस्याएं, जमानत याचिकाओं के निराकरण में देरी और अधिवक्ताओं व पक्षकारों के लिए पार्किंग व्यवस्था का अभाव प्रमुख मुद्दे हैं.

इन समस्याओं के शीघ्र निराकरण की मांग को लेकर हाई कोर्ट बार एसोसिएशन की बैठक में निर्णय लिया कि 27 जुलाई को सभी अधिवक्ता हाथ पर सफेद पट्टी बांधकर न्यायिक कार्य करेंगे. एसोसिएशन ने स्पष्ट किया है कि विरोध पूरी तरह शांतिपूर्ण और प्रतीकात्मक रहेगा तथा न्यायालयीन कार्य में किसी तरह की बाधा उत्पन्न नहीं की जाएगी.

# 3 सांदीपनि विद्यालयों का प्रभारी मंत्री नागर सिंह ने किया लोकार्पण

**सुसनेर.** जिले के प्रभारी मंत्री नागर सिंह चौहान ने 3 सांदिपनी विद्यालयों को लोकार्पण करते हुए कहा कि प्रदेश में 14,000 करोड़ की लागत से 370 सांदीपनि विद्यालय भवनों का लोकार्पण किया जा रहा है. प्रदेश में 200 नए सांदीपनि विद्यालय और बनाए जाएंगे. यह बात प्रभारी मंत्री नागर सिंह चौहान ने शनिवार को आगर में 111.40 करोड़ की लागत से नवनिर्मित आगर, सुसनेर एवं नलखेड़ा सांदीपनि विद्यालय भवनों के लोकार्पण समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कही.

# प्रधान का इस्तीफा भाजपा के अंत की शुरुआत : पटवारी



नवभारत न्यूज

**ग्वालियर, 25 जुलाई. प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा है कि शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा भाजपा के अंत की शुरुआत है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी पहले ही कह चुके थे कि धर्मेंद्र प्रधान को इस्तीफा देना ही होगा.**

प्रदेश कांग्रेस की सह प्रभारी एवं सांसद श्रीमति संजना जाटव ने भी धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे को छात्रों के संघर्ष की जीत बताया है।

दतिया के ग्राम भागौर में चुनाव प्रचार के दौरान ही जीतू पटवारी को धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की सूचना मिली। उन्होंने कहा कि छात्रों ने पेपर लीक का हिसाब ले लिया है। युवाओं ने हठधर्मी को हत्थे से उखाड़ दिया है। प्रधान का इस्तीफ़ा भाजपा के अंत की शुरुआत है.

## दिग्विजय ने प्रदीप जोशी को लेकर उठाए गंभीर सवाल



**ग्वालियर.** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने एक बार फिर केंद्र सरकार और एनटीए के कामकाज पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं. मीडिया से चर्चा के दौरान उन्होंने नीट और जेईई परीक्षा कराने वाली एजेंसी के अध्यक्ष प्रदीप जोशी की नियुक्ति को लेकर बड़ा घपला और गड़बड़ी होने का आरोप लगाया है. दिग्विजय ने कहा कि शिक्षा विभाग की संसदीय समिति के अध्यक्ष के रूप में उन्होंने करीब दो साल तक काम किया है और इस दौरान उन्होंने कई अनियमित्ताओं को नजदीक से देखा है. उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि एनटीए के चेयरमैन प्रदीप जोशी, जो कि आरएसएस के प्रचारक रहे हैं, उनकी गलत नियुक्ति तत्कालीन राज्यपाल भाई महावीर द्वारा 2002 में जबलपुर में की गई थी, जिसका उन्होंने विरोध भी किया था. कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि प्रदीप जोशी पर पहले भी कई पदों पर रहते हुए गड़बड़ियों के आरोप लगे हैं और छत्तीसगढ़ व अन्य जगहों पर भी उन्हें विवादों के चलते हटाया गया था.

# ट्रक-बाइक की भिड़ंत में 3 की मौत

नवभारत न्यूज

**जबलपुर, 25 जुलाई. जबलपुर-नरसिंहपुर रोड पर कमती-इमलिया गांव के पास चांदनखेड़ा तिराहा गोटेगांव के समीप आज सुबह 11 बजे के लगभग जबलपुर की ओर से आ रहे ट्रक ने मोटर साइकल सवार तीन युवकों को टक्कर मारकर कुचल दिया.**

हादसे में तीनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई. हादसे को देख राह चलते लोग रुक गए, जिनकी सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रक को पीछा करते हुए पकड़ लिया. घटना के बाद इस रोड पर जाम के हालत निर्मित हो गए थे. दोनों ओर भारी वाहनों की लम्बी लाइन लगी रही. ग्राम पिपरसरा



निवासी शिवम ठाकुर उम्र 22 वर्ष, प्रकाश पटेल 30 वर्ष व प्रहलाद लोधी 35 वर्ष आज सुबह मोटर साइकल से जबलपुर काम पर जाने के लिए निकले.ट्रक की टक्क र लगते ही तीनों युवक मोटर साइकल सहित सामने ही ओर गिरे, जिन्हे कुचलते हुए ट्रक निकल गया. हादसे में तीनों युवकों के शरीर पर गंभीर चोटें आने के कारण मौके पर ही मौत हो गई.

# पुरानी रंजिश के चलते फायरिंग में 3 घायल

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर, 25 जुलाई. ग्वालियर थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले गौसपुरा नंबर-1 के ठाकुर मोहल्ला में पुरानी रंजिश को लेकर बदमाशों ने गोलियां चलाई. जिम सेअपने घर लौट रहे चार दोस्तों पर पहले से घात लगाए बैठे आधा दर्जन से अधिक हथियारबंद बदमाशों ने रास्ता रोककर मारपीट की फिर गोलियां चला दीं.**

अचानक हुई इस गोलीबारी में चारों युवक छर्रे लगने और गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गए. वारदात के बाद इलाके में सनसनी और दहशत फैल गई, जिसका फायदा उठाकर सभी हमलावर मौके से भाग गए.



पुलिस ने घायलों को जेएएच के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया है. सुभाष नगर के रहने वाले करन तोमर, अभि यादव, योगेश राठौर, गुरुदत्त सिंह भदौरिया रोजाना की तरह जिम से वर्कआउट कर घर लौट रहे थे. जैसे ही चारों युवक गौसपुरा नंबर-1 स्थित ठाकुर मोहल्ला पहुंचे, तभी वहां पहले से हथियारों से लैस होकर घात लगाए बैठे अर्जुन पहाड़िया, अंशू पटेल, राहुल राजपूत उर्फ मोटा, कृष्णा उर्फ विलेन और चुन्नू रजक अपने अन्य साथियों के साथ अचानक सामने आ गए. जब तक पीड़ित युवक कुछ समझ पाते, आरोपियों ने उन्हें चारों तरफ से घेर लिया और जान से मारने की नीयत से उन पर असलों से ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी. बदमाशों द्वारा की गई अचानक गोलीबारी में चारों युवक लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़े. गोलियों की आवाज से पूरा इलाका थर्रा उठा.

# अदालत ने गिरिबाला सिंह को दिया झटका

- मामले की गंभीरता के चलते जमानत याचिका की खारिज
- एजेंसी ने कहा कि हिरासत में शारीरिक स्वास्थ्य सामान्य

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 25 जुलाई. ट्विशा शर्मा मौत के मामले में आरोपी पूर्व जज गिरिबाला सिंह को जिला कोर्ट से बड़ा झटका लगा. शनिवार को अदालत का फैसला आया और गिरिबाला सिंह की नियमित जमानत याचिका खारिज कर दी गई.**

विशेष अदालत के न्यायाधीश राम प्रसाद मिश्रा ने बचाव पक्ष और अभियोजन पक्ष के वकीलों की दलीलें सुनीं. फैसला सुरक्षित



रखते हुए न्यायाधीश ने इस पर अपना आदेश सुनाया. औपचारिक फैसले में पीठ ने कहा कि गिरिबाला सिंह पर गंभीर आरोप हैं, जिससे कानूनी कार्यवाही के इस चरण में राहत देने का कोई उचित आधार नहीं बनता है. मामले में बचाव पक्ष के वकीलों ने उच्च न्यायालय जाने की भी बात कही है. गिरिबाला सिंह की जमानत को लेकर सीबीआई ने इस पर अपना कड़ा विरोध जताया. सीबीआई की तरफ से कहा गया कि बचाव पक्ष के दावे तथ्यात्मक रूप से गलत हैं. घटना के समय आरोपी अपनी मां के साथ नहीं रह रही थी, जिससे बचाव पक्ष के दावों का खंडन किया गया. एजेंसी ने बताया कि न्यायिक हिरासत में गिरिबाला सिंह की शारीरिक स्थिति सामान्य है.

इसके साथ ही अपराध की गंभीरता को लेकर अभियोजन पक्ष ने कहा कि जिसकी जान गई वह भी किसी की बेटी थी. गिरिबाला सिंह को राहत देने के बजाय मृतका के लिए न्याय को प्राथमिकता दी जाए.

# कार्यवाहक वनपाल रिश्वत लेते रंगेहाथ पकड़ाया

**78 हजार में दिनेश कुमार ट्रक छोड़ने पर हुआ था राजी**

नवभारत न्यूज

**रीवा, 25 जुलाई, रीवा लोकायुक्त पुलिस ने कार्यवाहक वनपाल को शनिवार की शाम 78 हजार रूपये की रिश्वत लेते पुर्वाफाल के पास सेमरिया में गिरफ्तार किया है.**

आरोपी द्वारा लकड़ी से लोड़ ट्रक को छोडऩे एवं जुर्माना की रकम कम करवाने के लिये दो लाख की रिश्वत मांगी थी और प्रथम किश्त 78 हजार रूपये लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया. आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण



अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है. प्राप्त जानकारी के मुताबिक नीरज यादव निवासी ग्राम धनिपुर थाना खैराबाद जिला सीतापुर यूपी द्वारा लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत की गई थी कि वह ट्रक क्रमांक यूपी 15 डीटी 0614 का चालक है.

लकड़ी लोड़ कर जिला मुरादाबाद यूपी जा रहा था. वन चौकी त्योंथर परिक्षेत्र शिकायत

> सिरमौर में वन विभाग के कर्मचारियों द्वारा 7 जून को ट्रक पकड़ लिया गया और जप्त ट्रक को छोडऩे एवं जुर्माना राशि कम करने के लिये दिनेश कुमार कार्यवाहक वनपाल वन परिक्षेत्र सिरमौर द्वारा दो लाख की रिश्वत मांगी गई है. शिकायत की जांच के बाद लोकायुक्त पुलिस ने आरोपी को नगद रिश्वत लेते पकडऩे की योजना बनाई.

सत्यापन के दौरान शिकायत सही पाये जाने पर पहली किश्त के रूप में 78 हजार लेते हुए आरोपी को लोकायुक्त की टीम ने धरदबोचा.

# हाथीनाला हत्याकांड का खुलासा : एक माह पहले रची गई थी साजिश डॉक्टर समेत 8 गिरफ्तार, 3 फरार

नवभारत न्यूज

**नरसिंहपुर, 25 जुलाई. पुलिस ने हाथीनाला हत्याकांड का खुलासा करते हुए बताया कि छह युवकों की मौत सड़क हादसा नहीं, बल्कि सुनियोजित हत्या थी.**

शनिवार को पुलिस अधीक्षक ने प्रेसवार्ता में बताया कि आरोपियों ने करीब एक माह पहले से पूरी योजना बनाई थी और युवकों की लगातार रेकी की जा रही थी. पुलिस के अनुसार, घटना वाले दिन शाम करीब 5 से 6 बजे हाथीनाला क्षेत्र में आरोपियों और मृतकों के बीच मारपीट हुई थी. इसके बाद रात करीब 8 बजे राष्ट्रीय राजमार्ग पर साजिश के तहत दो हाईवा वाहनों की मदद से युवकों को निशाना बनाया गया. घटनास्थल से टाटा कंपनी के ट्रक का एक पार्ट भी बरामद हुआ, जिससे जांच को अहम सुराग मिला.

जांच में सामने आया कि डॉक्टर अमित खरे और मृतक राजेंद्र लोधी के बीच पैसों और कथित एमएलसी (मेडिको-लीगल केस) को लेकर विवाद था. आरोप है कि राजेंद्र लोधी डॉक्टर को ब्लैकमेल करता था. इसी विवाद के बाद डॉक्टर ने आनंद राजपूत से संपर्क किया और साजिश आकार लेने लगी. पुलिस ने मामले में राजा पटेल, अनुज ठाकुर, आनंद लोधी, भारत सिंह, अनिल पटेल, अरविंद्र लोधी, नरेंद्र सिंह और डॉक्टर अमित खरे को गिरफ्तार किया है.

**इनका कहना है**

एसपी ने बताया कि मुख्य आरोपी आनंद राजपूत और राजेंद्र लोधी के बीच पुराने विवाद, अवैध रेत कारोबार तथा आपराधिक गतिविधियों को लेकर रंजिश थी. पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपियों ने अलग-अलग स्थानों पर चार लोगों को निगरानी के लिए तैनात किया था और दो हाईवा वाहनों के जरिए वारदात को अंजाम दिया गया.

# तेज रफ्तार कार-बस की टक्कर से महिला सहित दो बुजुर्गों की मौत

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर, 25 जुलाई. तेज रफ्तार कार और बस की टक्कर से महिला सहित दो बुजुर्गों की मौत हो गई.**

बेलगढ़ा थाना क्षेत्र के ग्राम पछा में घर के बाहर खड़े एक बुजुर्ग को तेज रफ्तार कार चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए टक्कर मार दी, जिससे बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई. 60 वर्षीय काशीराम अपने घर के बाहर मौजूद थे. इसी दौरान कार क्रमांक एमपी 07 सीजी 8280 के चालक ने वाहन को अत्यधिक तेज गति व लापरवाही से चलाते हुए काशीराम को टक्कर मार दी. दुर्घटना इतनी गंभीर थी कि काशीराम की घटनास्थल पर ही मौत हो गई.

वहीं, घाटीगांव हाईवे पर एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार 65 वर्षीय बुजुर्ग महिला की जान चली गई. तेज रफ्तार बस ने बाइक को इतनी जोर से टक्कर मारी कि पीछे बैठी महिला हवा में करीब 10 फीट उछलकर सड़क पर जा गिरी. इस भीषण हादसे में मौके पर अफरा-तफरी मच गई और इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई.

**हादसा** लपटें दो किलोमीटर दूर से दिखाई दे रही थी, सामान जलकर राख

# इलेक्ट्रॉनिक्स के गोदाम में लगी भीषण आग

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर, 25 जुलाई. उपनगर मुरार स्थित बंशीपुरा क्षेत्र में इलेक्ट्रॉनिक्स के बड़े गोदाम में शनिवार शाम को भीषण आग लग गई. आग ने पूरे गोदाम के साथ आसपास की दुकानों को भी चपेट में ले लिया.**

गोदाम में रखा टीवी, फ्रिज, एसी, वॉशिंग मशीन, अलमारी, पानी की मोटर समेत बड़ी मात्रा में इलेक्ट्रॉनिक सामान जलकर राख हो गया. आग इतनी भीषण थी कि इसकी लपटें और काले धुएं का गुबार करीब दो किलोमीटर दूर से दिखाई देता रहा. घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत फैल गई और



आसपास के लोग डर के कारण अपने-अपने घरों से बाहर निकल आए. आग बुझाने के लिए नगर निगम, सेना, एयरफोर्स, मालनपुर, मुरैना समेत विभिन्न विभागों की फायर ब्रिगेड और निजी फायर टैंकर पानी फायर कर आग पर काबू पाने में जुटे हुये है. आग की सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक आग पूरे गोदाम में फैल चुकी थी. इसके बाद लगातार अतिरिक्त दमकल वाहन बुलाए गए. दमकल अधिकारियों ने बताया कि कर्मचारियों ने पानी फायर कर आग पर बाहर से काबू पा लिया है.

> मुरार स्थित बंशीपुरा के पास के पास मार्केट क्षेत्र में एक निजी जमीन पर किराये के गोदाम बने हुए हैं. एक इलेक्ट्रोनिक गोदाम से शनिवार सायं तेज धुआं निकला और आग लग गई. देखते ही देखते आग ने इलेक्ट्रोनिक गोदाम सहित फर्नीचर की दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया. आग की सूचना नगर निगम, पुलिस और अन्य विभागों की टीमों को तत्काल दी गई. वहीं गोदाम में लगी भीषण आग से आसपास के इलाके में दहशत फैल गई और डर के मारे लोग अपने-अपने घरों से बाहर निकलकर सुरक्षित स्थान की ओर बढ़ने लगे.

# समन-वारंट की तामीली पर हाईकोर्ट संतुष्ट

**जबलपुर.** मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस विवेक अग्रवाल व जस्टिस विवेक जैन की युगलपीठ ने समन, जमानती वारंट और गिरफ्तारी वारंटों की तामीली में पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर दायर याचिका का निराकरण कर दिया. सुनवाई के दौरान राज्य शासन ने डीजीपी के शपथ-पत्र के माध्यम से प्रदेशभर में न्यायालयीन प्रक्रियाओं की तामीली, निगरानी व्यवस्था और लापरवाही पर की गई कार्रवाई का विस्तृत ब्यौरा पेश किया. इससे संतुष्ट होकर न्यायालय ने रीवा के जेएमएफसी को संबंधित आपराधिक प्रकरण का 30 दिन में निर्णय करने का अनुरोध किया.

# शातिर वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश

**5 पांच आरोपियों पर शिकंजा**

**11 की मोटर साइकिलें जप्त**

नवभारत न्यूज

**चितरंगी, 25 जुलाई. चितरंगी पुलिस ने वाहन चोरी के एक सक्रिय गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए पांच शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 10 लाख 40 हजार रुपये कीमत की 9 चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की हैं.**

आरोपियों के विरुद्ध म.प्र. और उ.प्र. के विभिन्न थानों में



करीब दो दर्जन चोरी के मामले दर्ज बताए गए हैं. पुलिस अधीक्षक सियाज केएम के निर्देश में चितरंगी पुलिस ने क्षेत्र में हुई वाहन चोरियों की जांच तेज की. सीसीटीव्ही फुटेज की मदद से 23 जुलाई को सूचना मिली कि एक युवक ग्राम बसनिया में चोरी की अपाची बाइक बेचने की फिराक में है. पुलिस ने तत्काल घेराबंदी कर उसे हिरासत में लिया. पूछताछ में उसने अपने साथियों के साथ चितरंगी, मोरवा, बरगवां, बैढ़न और नवानगर थाना क्षेत्रों से कुल नौ मोटरसाइकिलें चोरी करना स्वीकार किया. आरोपियों की निशानदेही पर बैरीटोला, बसनिया और सजहवा के खंडहर मकानों सहित अन्य स्थानों से चोरी की सभी मोटरसाइकिलें बरामद कर विधिवत जप्त कर ली गईं. पुलिस के अनुसार गिरोह में शामिल एक विधि-विरुद्ध किशोर बाल संप्रेक्षण गृह रीवा से फरार था.